# बच्चों को मिलेगा असली जंगल सफारी जैसा रोमांच

**▸ इंदौर चिड़ियाघर में 2 माह में शुरू होगा अनोखा 14-डी वर्चुअल थिएटर**

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** इंदौर के चिड़ियाघर में जल्द ही एक अनोखा 14-डी वर्चुअल सिनेमा थिएटर शुरू होने जा रहा है. इस अत्याधुनिक थिएटर के जरिए बच्चों और दर्शकों को ऐसा अनुभव मिलेगा, मानो वे सचमुच जंगल के बीच मौजूद हों और जंगली जानवर उनके आसपास हों. वर्चुअल तकनीक की मदद से दर्शकों को पूरी तरह एक आभासी दुनिया में ले जाया जाएगा, जहां जंगल का माहौल, जानवरों की आवाजें और प्राकृतिक वातावरण बेहद वास्तविक रूप में महसूस किया जा सकेगा.

चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव के अनुसार, थिएटर का लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष 20 प्रतिशत काम अगले एक से दो महीनों में पूरा होने की संभावना है. यह परियोजना पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर तैयार की जा रही है और इसके संचालन की जिम्मेदारी एक निजी कंपनी को दी जाएगी.




## फिल्म नहीं, अनुभव होगा महसूस

इस आधुनिक थिएटर में दर्शक सिर्फ फिल्म नहीं देखेंगे, बल्कि उसे महसूस भी करेंगे. फिल्म के दौरान सीटें हिलेंगी-डुलेंगी, तेज हवा का अहसास होगा, पानी की फुहारें पड़ेंगी और अलग-अलग खुशबू भी महसूस होगी. इन सभी प्रभावों से दर्शकों को ऐसा लगेगा जैसे वे वास्तव में जंगल में घूम रहे हों और जंगली जानवरों के बेहद करीब हों.

## 360 डिग्री का रोमांच

शो के दौरान थिएटर में लगी कुर्सियां 360 डिग्री तक घूम सकेंगी, जिससे दर्शक हर दिशा से दृश्य देख सकेंगे. इस तकनीक के माध्यम से जंगल के दृश्य, जानवरों की गतिविधियां और प्राकृतिक वातावरण बेहद वास्तविक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा.

## 40 सीटों से होगी शुरुआत

शुरुआत में इस वर्चुअल थिएटर में करीब 40 सीटों की व्यवस्था की जा रही है। भविष्य में इसकी क्षमता बढ़ाकर 70 सीटों तक की जा सकती है. सिनेमा देखने के लिए प्रारंभिक टिकट कीमत लगभग 70 रुपये तय की गई है. हालांकि आगे चलकर संचालन लागत के आधार पर टिकट की कीमत में बदलाव संभव है.

## क्या है 14-डी फिल्म तकनीक?

14-डी तकनीक एक उन्नत सिनेमाई अनुभव है, जिसमें 3-डी दृश्य प्रभावों के साथ कई संवेदी (सेंसरी) प्रभाव जोड़े जाते हैं. इससे दर्शकों को फिल्म का हिस्सा होने का वास्तविक एहसास होता है.

**इस तकनीक में शामिल प्रमुख प्रभाव:**

3डी विजुअल्स - गहराई के साथ जीवंत दृश्य
मोशन सीट्स - दृश्य के अनुसार सीटों का हिलना-डुलना
हवा का प्रभाव - तेज हवा का अहसास
पानी की फुहारें - बारिश या पानी के छींटों जैसा अनुभव
खुशबू स्मेल इफेक्ट - वातावरण के अनुसार अलग-अलग सुगंध
कंपन और झटके - एक्शन दृश्यों में कंपन का अनुभव
तापमान प्रभाव - गर्मी या ठंड का हल्का अहसास
पैरों के पास स्पर्श प्रभाव - नीचे से हल्की हलचल
धुआं और फॉग इफेक्ट - धुंध या धुएं का माहौल
बुलबुले और विशेष लाइट इफेक्ट - दृश्य को और वास्तविक बनाना

इन सभी प्रभावों के संयोजन से दर्शकों को ऐसा लगेगा जैसे वे सचमुच जंगल के बीच मौजूद हों.

## बच्चों के लिए शिक्षा और मनोरंजन का नया माध्यम

इंदौर चिड़ियाघर में बनने वाला यह वर्चुअल थिएटर शहरवासियों के लिए नया आकर्षण साबित होगा. इससे बच्चों को जंगल सफारी जैसा रोमांचक अनुभव मिलेगा और साथ ही वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी. विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना मनोरंजन के साथ-साथ बच्चों के लिए शैक्षिक अनुभव भी साबित होगी. संभावना जताई जा रही है कि चिड़ियाघर के अंदर बनने वाला यह प्रदेश का पहला 14-डी वर्चुअल थिएटर हो सकता है.

# बिचौली मर्दाना बायपास क्षेत्र में तेंदुए की दहशत बरकरार

**▸ वन विभाग ने लगाया पिंजरा, रातभर इंतजार के बाद भी नहीं फंसा तेंदुआ**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** बिचौली मर्दाना बायपास और आसपास की कॉलोनियों में लगातार तेंदुए की मौजूदगी से दहशत फैल गई है. वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने उसे पकड़ने के लिए प्रगति विहार कॉलोनी के एक खाली प्लॉट में पिंजरा लगाया है, हालांकि रात से लेकर गुरुवार सुबह तक तेंदुआ ट्रैप में नहीं फंसा.

वन विभाग के योगेश यादव ने बताया कि तेंदुए की गतिविधि को देखते हुए बुधवार शाम रेस्क्यू टीम ने प्रगति विहार कॉलोनी क्षेत्र में पिंजरा स्थापित किया. टीम रातभर निगरानी करती रही, लेकिन सुबह तक पिंजरा खाली मिला. जबकि स्थानीय रहवासियों का कहना है कि रविवार से बिचौली मर्दाना बायपास रोड से लेकर प्रगति विहार कॉलोनी तक तेंदुआ लगातार नजर आ रहा है. इसके चलते आसपास की कॉलोनियों में भय का माहौल बना हुआ है और लोग देर रात घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं. कॉलोनी के रहवासी और सिक्योरिटी गार्ड तेंदुए की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं.



## बायपास पर एक बोर्ड के नीचे बैठा दिखा

सुरक्षा के तौर पर टॉर्च, लाठी-डंडे और सुतली बम-पटाखों का इंतजाम भी किया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर उसे भगाया जा सके. सोमवार को कुछ लोगों ने तेंदुए का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था. वीडियो में तेंदुआ बायपास रोड स्थित एक ढाबे के पास लगे बोर्ड के नीचे बैठा दिखाई दे रहा है. वीडियो सामने आने के बाद आसपास के इलाकों में दहशत बढ़ गई, वहीं वन विभाग भी तुरंत अलर्ट हो गया. डीएफओ लाल सुधाकर का कहना है कि इलाके में गश्त बढ़ा दी गई है और रेस्क्यू टीम को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं. तेंदुए की मूवमेंट पर लगातार नजर रखी जा रही है और उसे सुरक्षित पकड़ने के प्रयास जारी हैं.

## एक नजर में

### मानपुर, सिमरोल और किशनगंज टीआई का तबादला

**इंदौर.** ग्रामीण पुलिस में प्रशासनिक दृष्टि से तीन निरीक्षकों के तबादले किए गए हैं. पुलिस अधीक्षक इंदौर ग्रामीण ने आदेश जारी कर अधिकारियों को आगामी आदेश तक नई पदस्थापना पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए हैं. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण यांगचेन डोलकर भूटिया ने बताया कि जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक महेंद्र मकाश्रे को रक्षित केंद्र इंदौर (ग्रामीण) से थाना मानपुर में पदस्थ किया है. वहीं किशनगंज थाने में पदस्थ निरीक्षक कुलदीप खत्री का तबादला थाना सिमरोल कर दिया है. जबकि सिमरोल थाने में पदस्थ निरीक्षक अमित भाभर को थाना किशनगंज में नई जिम्मेदारी दी गई है.

### उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा आज



**महू.** विकासखंड क्षेत्र में 13 संकुल के प्रत्येक सामाजिक चेतना केन्द्रों पर उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा 236 एक साथ शनिवार को आयोजित की जाएगी. नोडल अधिकारियों की निगरानी में सुबह 10 से 5 बजे तक उक्त परीक्षा आयोजित होगी. पूरे ब्लाक में लगभग 15 हजार असाक्षरों को इस परीक्षा में बैठाने का लक्ष्य दिया गया है. उक्त जानकारी देते हुए संकुल सह समन्वयक श्रीमती पायल परदेशी ने बताया कि इस परीक्षा में ग्रामीण आजिवीका मिशन की 5900 असाक्षर सखियां भी बैठेगीं. इन असाक्षर सखियों की परीक्षा की तैयारी साक्षर सखियों द्वारा कराई गई है, जो कि अक्षर साथी के रुप में अपनी सेवाएं दे रही हैं. जिला सह समन्वयक अशोक जोशी, बीआरसी अनुराग भारव्दाज के मार्गदर्शन में आयोजित उक्त परीक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संकुल सह समन्वयकों को सौंपी गई है. ब्लाक सह समन्वयक नीलकंठ पाण्डेय को सम्पूर्ण परीक्षा का दायित्व दिया गया है. बीएसी श्रीमती श्वेता बाथम एवं समस्त जनशिक्षकों द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है.

### एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन




**महू.** देश में एलपीजी गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमत और आपूर्ति के कारण आम नागरिकों को गैस सिलेंडर सही समय पर न मिलने से हो रही समस्या को लेकर शुक्रवार को महू विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल के नेतृत्व में कोतवाली चौराहे पर गैस सिलेंडर की अर्थी रखकर श्रद्धांजलि दी गई. लकड़ी के चूल्हे पर चाय बनाकर आम नागरिकों को चाय पिलाई गई. इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस नेता शक्तिसिंह गोयल, सद्दाम पटेल, अरुण गुर्जर, अमित अग्रवाल, अजय धनावत, सुनील मित्तल, विलीन पाटीदार, अभिषेक यादव, अलअमन खान, विवेक मिणा, नवनीत वर्मा, शुभम जैन, रामकिशन मैणा, गौरव शर्मा, विकास यादव, राजमल बारिया, मनोज वासकेल, कालु जैन, भैरु गुर्जर, सार्थक सैठ, शाहिद खान, रहमान खान, माजीम खान, साहिल चिसती, लककी दरबार, विक्की कोशल, मनमोहन कोशल, युवराज पटेल, मिकाईल बिट्टो, मयंक वैभव सहित अन्य युवा कांग्रेसजन उपस्थित थे.

### भारतीय जनसंघ के जमाने से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान



**महू.** भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धीरज पटेरिया द्वारा अटल स्मृति समिति का गठन कर संपूर्ण मध्य प्रदेश में भाजपा की पुरोधा संस्था भारतीय जन संघ के जमाने से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जा रहा है. समिति के संयोजक धीरज पटेरिया ने बताया कि पिछले 6 माह से वे लगातार मप्र का प्रवास कर रहे हैं और अभी तक 27 हजार किलोमीटर की यात्रा कर चुके हैं. इस दौरान प्रदेश के प्रत्येक तहसील क्षेत्र में जाकर रजत पत्र एवं शाल श्रीफल से सम्मानित कर रहे हैं. अभी तक प्रदेश भर में 1500 कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जा चुका है. इसी क्रम में वे शुक्रवार को महू विधानसभा क्षेत्र पहुंचे. उन्होंने सर्वप्रथम भेरूलाल पाटीदार एवं बलराम पाटीदार के प्रतिमा स्थल जाकर माल्यार्पण किया. इसके पश्चात गोविंद आर्य, उमेश चंद्र महेश्वरी, राधेश्याम यादव एवं शेखर बुंदेला का उनके निवास पर जाकर सम्मान किया. इस दौरान उनके साथ कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे.

# कॉलेज की समस्याओं को लेकर अभाविप का प्रदर्शन

**▸ जल्द समाधान की मांग**

**इंदौर.** श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की.

विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि प्राइवेट स्कॉलरशिप से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे कई छात्र-छात्राएं इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं. साथ ही बीएससी विभाग में विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में प्राध्यापकों की कमी होने और कुछ प्राध्यापकों के नियमित रूप से उपस्थित न रहने की शिकायत भी की गई. इसके अलावा पिछले एक वर्ष से प्राइवेट परीक्षा फॉर्म बंद होने से कई विद्यार्थी परीक्षा से वंचित हो रहे हैं. छात्राओं ने गर्ल्स वॉशरूम की खराब स्थिति, पानी की



कमी और सेनेटरी वेंडिंग मशीन की अनुपलब्धता की समस्या भी उठाई. विद्यार्थियों ने परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने, बिना आईडी कार्ड प्रवेश पर रोक, खेल सामग्री और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की. साथ ही कॉलेज गेट के बाहर स्पीड ब्रेकर और बाइक पार्किंग में सुरक्षा बढ़ाने की भी मांग की गई.

**जल्द समाधान किया जाएगा-** वहीं कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ममता चंद्रशेखर ने बताया कि महाविद्यालय स्तर की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा, जबकि अन्य विभागों से संबंधित मुद्दों के लिए संबंधित विभागों को पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदर्शन के दौरान कुछ विद्यार्थियों ने प्राचार्य कक्ष में नारेबाजी कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की, जिसका संज्ञान पुलिस को लेना चाहिए.

## प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर कड़ा विरोध

जीएसीसी महाविद्यालय में चल रहे आंदोलन के दौरान प्राचार्य ने परिषद के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए 2 दिन के भीतर विद्यार्थियों की सभी प्रमुख मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया. परिषद द्वारा महाविद्यालय में 7 सूत्रीय मांग एवं प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर कड़ा विरोध किया गया



# होलकर कॉलेज में खराब परिणाम को लेकर ज्ञापन सौंपा

**इंदौर.** शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय में बी.एससी. एवं बी.सी.ए. प्रथम वर्ष के खराब परीक्षा परिणाम को लेकर परिषद ने ज्ञापन सौंपा. परिषद ने बताया कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को एटीकेटी एवं असफलता मिली है, जिससे विद्यार्थियों में आक्रोश है. इस पर महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं की पुन: जाँच कराने का आश्वासन दिया है. अभाविप के महानगर मंत्री देवेश गुर्जर ने कहा कि वह सदैव विद्यार्थियों के अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षरत रही है और यदि तय समय में मांगों का समाधान नहीं हुआ तो परिषद आगे भी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी.

# ग्रीन वैली सोसाइटी में एक करोड़ की गड़बड़ी का आरोप

**▸ चार महिलाओं पर अमानत में खयानत का केस, जांच में जुटी पुलिस**

**इंदौर. कनाड़िया रोड स्थित ग्रीन वैली सोसाइटी में करीब एक करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है. सोसाइटी से जुड़े वित्तीय लेन-देन में गड़बड़ी की शिकायत पर कनाड़िया पुलिस ने चार महिलाओं के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र के ई-ब्लॉक ग्रीन वैली सोसाइटी में रहने वाली 37 वर्षीय सोनम गेडा की शिकायत पर रेखा चौधरी, सपना जैन, सोनिया चौधरी और अपर्णा श्रीवास्तव के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने सोसाइटी से जुड़े वित्तीय कार्यों के दौरान करीब एक करोड़ रुपये की राशि में अनियमितता की और अमानत में खयानत की. मामले में शिकायत आवेदन के परीक्षण के बाद कनाड़िया पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है. मामले की जांच की जा रही है, साथ ही वित्तीय लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# 37 .4 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ महिला सहित 3 तस्करों को पकड़ा

**▸ आजाद नगर पुलिस की नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आजाद नगर पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित तीन तस्करों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. तीनों आरोपियों के पास से कुल 37.4 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई है. तीनों ही आरोपी मूसाखेड़ी क्षेत्र के निवासी हैं. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर नशा तस्करी के नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है.

थाना प्रभारी लोकेश सिंह भदौरिया ने बताया कि शहर में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस आयुक्त



संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह और पुलिस उपायुक्त जोन-1 कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में लगातार अभियान चलाया जा रहा है. जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-1 सुमित केरकट्टा तथा सहायक पुलिस आयुक्त आजाद नगर अनुभाग रविंद्र बिलवाल के मार्गदर्शन में आजाद नगर पुलिस की विशेष टीमों ने कार्रवाई की. पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान एक युवक को रोककर तलाशी ली गई, जिसके पास से 16 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई. पुलिस ने आरोपी अजय निवासी मूसाखेड़ी को मौके से गिरफ्तार कर मादक पदार्थ जब्त कर लिया.

## एक महिला और एक अन्य पुरुष तस्कर भी धराए





इसी तरह इलाके में गश्त और संदिग्धों की चेकिंग के दौरान ही आजाद नगर पुलिस की दो अलग-अलग टीमों ने कार्रवाई करते हुए मूसाखेड़ी निवासी नेहा और संदीप को गिरफ्तार किया. तलाशी में नेहा के कब्जे से 11 .4 ग्राम और संदीप के पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई. पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है. फिलहाल आरोपियों से मादक पदार्थ के स्रोत और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

**एक नजर में** ▸ **वार्ड 54 अंतर्गत इदरीस नगर के लोगों को सड़क के नाम पर मिल रहे केवल आशवासन**

# बड़े-बड़े गड्ढों से गिरते-पड़ते निकलने को मजबूर हैं रहवासी

**इंदौर.** शहर में तेजी से बुनियादी ढांचा विकसित हो रहा है, लेकिन वार्ड 54 के इदरीस नगर जैसी कई कॉलोनियों में अभी भी पक्की सडक़ों का अभाव है, जहां निवासियों को केवल आश्वासन मिल रहे हैं. मूसाखेड़ी रिंग रोड के पास स्थित इदरीस नगर की यह सडक़ जर्जर स्थिति में है, जबकि शहर में अन्य स्थानों पर मास्टर प्लॉन के तहत नई सडक़ें बनाई जा रही हैं.

मूसाखेड़ी रिंग रोड से करीब आधा किमी दूर स्थित इदरीस नगर की गली नंबर-1 की स्थिति लंबे समय से खराब है, जिससे निवासियों को भारी असुविधा हो रही है. क्षेत्र का निरीक्षण करने पर पाया गया कि सडक़ पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं और सडक़ पूरी तरह टूटी-फूटी




अवस्था में है. नालियों का गंदा पानी भी सडक़ पर बहता रहता है, जिससे कच्ची सडक़ पर कीचड़ और गंदगी जमा हो जाती है. इसके कारण आसपास के क्षेत्र में मच्छरों और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है. खराब सडक़ के कारण पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. कई बार लोग गड्ढों में गिरकर चोटग्रस्त भी हो चुके हैं. खासकर बारिश के समय स्थिति और भी बदतर हो जाती है. इस समस्या को लेकर रहवासियों द्वारा कई बार शिकायत की गई, लेकिन पिछले तीन वर्षों से सडक़ निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका है. क्षेत्रीय पार्षद द्वारा कई बार सडक़ बनाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. क्षेत्र के लोगों ने जल्द से जल्द सडक़ निर्माण की मांग की है.

## यह बोले रहवासी...



हम सभी पार्षद के साथ महापौर से मिले, उन्होंने भी सडक़ निर्माण का भरोसा दिया, लेकिन कोई पहल नहीं हुई. अब सुनने में आया है कि इसका टेंडर फेल हो चूका हैं.

- दिनेश चौहान



वर्षो पहले ठेकेदार द्वारा घटिया मटेरियल से निर्माण की गई सडक़ कुछ ही दिनों में उखड़ गई थी. आने-जाने वाले गिरते हैं, बच्चों को चोटें लगती हैं. सबको शिकायत की, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला.

- अचल सक्सेना



सडक़ की कोई व्यवस्था नहीं है. सभी स्थान पर विकास हो रहा है तो यहां क्यों नहीं किया जा रहा? यहां पर पार्षद ध्यान नहीं दे रहे, केवल आश्वाशन दे देते हैं.

- पं. कमलेश शास्त्री

## नगर निगम के पास पैसा ही नहीं है



मैं लगातार प्रयास कर रहा हूं, निगम कमिश्नर कहते हैं, हमारे पास पैसा ही नहीं है. मेरे वार्ड के सभी टेंडर पास हैं, ठेकेदार काम नहीं कर रहा, लेकिन निगम भी काम चालू नहीं कर रहा.

- महेश बसवाल पार्षद